II—156
C.J.

# Order Sheet [Contd]

Case No. . . . . . . .of 20 . . . . . . .

| Order or proceeding with Signature of Presiding Officer | Signature of Parties or Pleaders where necessary |
|---|---|
| ...25<br>अपीलार्थी द्वारा श्री नारेन्द्र सोनी अधिवक्ता उपस्थित।<br>प्रत्यर्थी क. 1 शिवप्रसाद फौत, उसके वारिस रामखेलावन की ओर से एवं प्रत्यर्थी क. 2 हरप्रसाद द्वारा श्री प्रदीप सोनी अधिवक्ता उपस्थित।<br>प्रत्यर्थी क. 3 म.प्र. शासन पूर्व से एकपक्षीय।<br>प्रकरण प्रत्यर्थी क. 1 के वारिस रामखेलावन की उपस्थिति, मूल अभिलेख एवं अंतिम तर्क हेतु नियत है।<br>विचारण न्यायालय का मूल अभिलेख पूर्व में प्राप्त हो चुका है।<br>प्रत्यर्थी क. 1 के वारिस रामखेलावन साहू की ओर से अधिवक्ता श्री प्रदीप सोनी ने उपस्थिति ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा वकालतनामा प्रस्तुत कर तर्क करने हेतु समय दिये जाने की प्रार्थना की। अपीलार्थी अधिवक्ता ने भी तर्क हेतु समय प्रार्थित किया है। आगामी दिनांम पर रामखेलावन की ओर से वकालतनामा प्रस्तुत किया जावे।<br>उभयपक्ष की सहमति से अंतिम तर्क हेतु दिनांक 18.12.2025 को पेश हो। | |
| 18-12-2025<br>अपीलार्थी अनुपस्थित द्वारा कोई नहीं।<br>प्रत्यर्थी क्र 01 फौत। वारिस रामखेलावन अनुपस्थित द्वारा कोई नहीं।<br>प्रत्यर्थी क. 03 पूर्व से एकपक्षीय।<br>प्रकरण अंतिम तर्क हेतु नियत है।<br>बार–बार पुकार करने पर अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थीगण तथा उनके अधिवक्तागण उपस्थित नहीं हो रहे हैं उभयपक्षों की ओर से अनुपसंजाति कोई समाधानप्रद कारण नहीं दर्शाया गया है। प्रकरण माननीय म. प्र. उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सूचीबद्ध किया गया है। | |

| Date of Order or Proceeding | Order or proceeding with Signature of Presiding Officer |
| --- | --- |
| | फलतः अपीलार्थी की ओर से प्रस्तुत अपील अंतर्गत आदेश 41 नियम 01 व्य.प्र.स. अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थीगण की अनुपस्थिति एवं अदम पैरवी में आदेश 41 नियम 17 व्य.प्र.स. के प्रावधान अंतर्गत खारिज की जाती है।<br>प्रकरण का परिणाम दर्ज हो।<br>प्रकरण विधिवत् अभिलेखागार भेजा जावे।<br>(गंगाचरण दुबे)<br>प्रथम जिला न्यायाधीश<br>कोतमा, जिला अनूपपुर म0प्र0 |
| | 4.30 PM<br>पश्चात्<br>प्रत्यर्थी क. 01 वारिस हरप्रसाद की ओर से अधिवक्ता श्री अविनाशचंद्र गुप्ता उपस्थित। उन्होंने वकालतनामा प्रस्तुत किया। प्रकरण संलग्न हो।<br>प्रकरण पूर्ववत् अभिलेखागार भेजा जावे।<br>(गंगाचरण दुबे)<br>प्रथम जिला न्यायाधीश<br>कोतमा, जिला अनूपपुर म0प्र0 |

Gangacharan Dubey

Digitally signed by Gangacharan Dubey
Date: 2025.12.18 15:40:03 -0500